डॉ. सौरभ गर्ग, भा.प्र.से.
सचिव
**Dr. Saurabh Garg, I.A.S.**
**Secretary**

DATA FOR DEVELOPMENT

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
**Government of India**
**Ministry of Statistics & Programme Implementation**

# संदेश

हिंदी पखवाड़ा, 2026 के अवसर पर मंत्रालय परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

किसी भी भाषा की सच्ची पहचान इस बात से नहीं होती कि उसे कितने आयोजनों में स्मरण किया जाता है, बल्कि इस बात से होती है है कि वह हमारे रोज़मर्रा के कामकाज में में कितनी सहजता से रच-बस जाती है। यही सोच हमें हिंदी पखवाड़े के वास्तविक उद्देश्य से जोड़ती है- एक ऐसा अवसर, जब हम ठहरकर यह देखें कि हमारा प्रशासनिक तंत्र अपनी राजभाषा के कितने निकट पहुंच पाया है।

आज हिंदी केवल कार्यालय की भाषा नहीं रह गई है; यह डिजिटल इंडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अनुवाद उपकरणों, तथा ई-गवर्नेंस के माध्यम से करोड़ों नागरिकों तक प्रशासन को सुगमता से पहुंचाने का एक सशक्त सेतु बन चुकी है। हिंदी में उपलब्ध डिजिटल सेवाएं, मोबाइल एप्लिकेशन तथा ऑनलाइन पोर्टल इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक और परंपरा साथ-साथ आगे बढ़ सकती हैं। मंत्रालय के रूप में हमारा दायित्व है कि हम इस बदलाव में सक्रिय भागीदार बनें अपने आंकड़ों, रिपोटों तथा सार्वजनिक सूचनाओं को अधिकाधिक हिंदी में सुलभ बनाकर।

मैं मानता हूं कि यह परिवर्तन बड़ी घोषणाओं से नहीं, बल्कि छोटे किंतु निरंतर प्रयासों से आता है-एक टिप्पणी जो हिंदी में लिखी जाए, एक पत्र जो द्विभाषी रूप में तैयार हो, एक बैठक जिसका संचालन सहजता से हिंदी में हो सके। यही छोटे कदम मिलकर राजभाषा नीति को सार्थक बनाते हैं।

इस पखवाड़े के माध्यम से मैं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यही अपेक्षा रखता हूं कि वे हिंदी को औपचारिकता नहीं, बल्कि सहज अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में अपनाएंगे। मुझे विश्वास है कि हमारा मंत्रालय राजभाषा के प्रयोग में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता रहेगा।

हिंदी पखवाड़ा, 2026 की पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।

सौरभ गर्ग

**(डॉ सौरभ गर्ग)**

**नई दिल्ली**
**सितंबर 10, 2026**

**Room No. 204, Khurshid Lal Bhawan, Janpath, New Delhi-110001, Tel.: 011-23742150, 23344689**
**E-mail : secretary@mospi.gov.in**